

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह (सर्व समाज ) के पोस्टर का विमोचन

- **आज होगा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह**

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के खटिका न बगीची ( बिरोल रोड ) में शनिवार को होने वाले 5 वे डॉ. भीमराव जयंती समारोह का पोस्टर विमोचन सेवानिवृत अध्यापक भोलाराम जाग्रत की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम कोषाध्यक्ष और स्काउट गाइड के लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने बाबा साहेब पर विचार रखते हुए कहा कि डॉ.अंबेडकर का भारतीयता और सामाजिक समरसता में अतुलनीय योगदान है।

भोलाराम जाग्रत ने कहा कि 13 अप्रैल को होने वाला कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है, क्योंकि इसमें सर्वसमाज ही आयोजन कर्ता है और सभी जाति बिरादरी के लोग ही व्यवस्थाओं में लगे हुए है। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट नवलगढ़ तहसील अध्यक्ष सुमन वर्मा ने कहा बाबा साहेब ने महिलाओं के अधिकारों के लिए संविधान में बहुत सारे प्रावधान किए है। महिलाओं को आगे बढ़कर इस प्रकार के कार्यक्रमों में सहभागी होना चाहिए।

कार्यक्रम के सह संयोजक मुरली मनोहर चौबदार ने शनिवार को होने वाले कार्यक्रम की जानकारी आगंतुकों को दी।

एडवोकेट विनोद घुघरवाल ने कार्यक्रम को सृजनात्मक बताते हुए व्यवस्थाओं से संबंधित कार्यों को साझा किया। युवा कार्यकर्ता धर्मेंद्र गढ़वाल ने सभी संस्थाओं और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने वाले लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

कार्यक्रम के संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर पंवार ने कहा कि 13 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के संबंध में पर्याप्त सूचना के लिए टीम के द्वारा सबसे संपर्क साधने की कोशिश की गई है। कार्यक्रम में पूर्व आई पी एस अधिकारी कन्हैया लाल बेरवाल और सह प्रांत कार्यवाह मा.गेंदालाल का आमंत्रित अतिथि के रूप में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

योगेंद्र मिश्रा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सकारात्मक कार्यक्रम में लोगों को जोड़ना चाहिए, जिससे सभी समाजों के लोग एक जाजम पर आ सके।

इस अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के नरेश बागड़ी, श्याम ताली कीर्तन के विशाल पंडित , हरीराम बागड़ी,प्रमुख व्यवसायी और महावीर इंटरनेशनल के नंद किशोर सोनी, अक्षय कुमार, विश्वनाथ बागड़ी,दीनानाथ रूंथला सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। बाबा साहेब के उदघोष और नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 204वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 368 रोगी लाभान्वित

## 66 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** शारदा क्रोपकेम लिमिटेड बंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन द्वारा जिला अन्धता निवारण समिति झुंझुनूं के आर्थिक सहयोग, डॉ विमलेश आई केयर मेडिको सोसायटी तथा अलायन्स क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा 204 वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर शुक्रवार को कस्बे की छावसरिया धर्मशाला में लगाया गया। शिविर में 368 रोगी लाभान्वित हुए। 66 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन जांगिड अस्पताल मे डॉ अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय बासोतिया रहे। उन्होंने कहा कि नवलगढ लायंस क्लब व अलायंस क्लब द्वारा नेत्र चिकित्सा के शिविर वरदान सिद्ध हो रहे है। लगातार 204 शिविर लगाना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए क्लब के सदस्य, डाक्टरो की टीम भामाशाह व सरकारी सहायता बधाई की पात्र है। साथ ही यहां की जनता जो लाभ उठा रही है वो भी धन्यवाद की पात्र है।

शिविर संयोजक डॉ दयाशंकर जांगिड ने बताया कि पिछले शिविर के 67 लोगों को जांच कर सफेद चश्में दिये। सभी को रोशनी प्राप्त हो गई है। शिविर में रोगियों को खाना, नाश्ता, दवा चश्में निःशुल्क प्रदान किए जाते है। शिविर में पूरी शेखावाटी, जयपुर, नागौर, डीडवाना, हरियाणा, नीमकाथाना, दिल्ली तक के रोगी लाभ उठाने आते है। आज ऑपरेशन होने वालो मे एक 12 वर्ष की बालिका जिसको जन्म से एक आंख से नही दिखता मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। लोगों को चाहिये कि हर माह की 24 तारीख को जांगिड अस्पताल मे लगने वाले मधुमेह शिविर मे अपनी जांच करवाकर ऑपरेशन के चयन लायक बने। शिविर में क्लब अध्यक्ष सुहित पाडिया के नेतृत्व में सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन के डाइरेक्टर डॉ शंकरलाल सैनी, संदीप जग्गुका, डॉ मनीष व डॉ मीनाक्षी जांगिड, डॉ शिखरचंद जैन, सह प्रांतपाल रामावतार सबलानिया, प्रांतपाल जगदीश प्रसाद जांगिड, पूर्व प्रांतपाल मेजर डीपी शर्मा, योगेश सोनी, मुरली मनोहर चोबदार, पंकज शाह, बाबूलाल शर्मा, रमाकान्त सोनी, अनिल बिरोलिया, संजय कड़वाल, शोयब लंगा, छगनलाल सैन, गंगाधर मील सहित जांगिड अस्पताल के स्टाफ ने सहयोग दिया।



# कठपुतली नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के गोपीनाथ चौक पर कठपूतली नृत्य के माध्यम से आमजन को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट भी लगाकर मतदान हेतु लोगों को जागृत किया गया। इस दौरान गीतों पर कठपुतलियों ने डांस के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया ।कार्यक्रम में नवलगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य सरोज शर्मा, संस्कृत विद्यालय प्रधानाध्यापक ललित शर्मा,बसंत शर्मा,चांदनी ,राजकुमार चेजारा मनीष शर्मा, विनोद बिर्खा, रामू टेलर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। यूसीईईओ मीनाक्षी तंवर ने आभार व्यक्त किया।



# महन्त फतेहगिरी नग्न होकर पांच बत्ती पर धरने पर बैठे

- **बजरबट्टू मन्दिर के बाहर अतिक्रमण ओर अवैध पार्किंग से परेशान होकर नग्न होने का उठाया कदम**

**ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)।** शहर के सूरजपोल गेट स्थित ब्यावर का प्रथम पूज्य प्रसन्न गणपति मन्दिर ( बजरबट्टू मन्दिर ) के महन्त फतेहगिरी महाराज पाँच बत्ती पर नग्न होकर धरने पर बैठे। बाबा ने बताया मन्दिर के बहार अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। ठेले खोमचे वाले अवैध रूप से स्थाई रूप से काबिज हो गये है। आये दिन जाम लगता है। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी कठिनाई होती है। पार्किंग ओर अतिक्रमण के लिए मना करने पर उनके साथ बदसलूकी की जाती है। महन्त ने बताया कि आज भी अवैध पार्किंग को हटाने के लिए महन्त फतेहगिरी ने किसी को टोका तो उनके साथ अपमानजनक आचरण किया गया। इस घटना से क्षुब्ध होकर बाबा इस समस्या के निदान के लिए विरोधस्वरूप पाँच बत्ती पर नग्नावस्था में तपती जमीन पर धरने पर बैठ गए। बाबा ने कहा इस समस्या के निदान के लिए वह चार बार जिला कलेक्टर से मिल चुके हैं। इससे पहले भी प्रशासन को इस समस्या से मुक्ति दिलाने की गुहार कर चुके है। लेकिन प्रशासन ने आज तक कोई सज्ञान नहीं लिया। बाबा ने यह भी जब तक स्थाई समाधान नहीं होता है, वह यहीं बैठे रहेंगे। पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना सहित अनैक श्रद्धालुओं ने बाबा को समझाइस कर उठाने के प्रयास किये। लेकिन बाबा ने कहा यह मेरा हठयोग है। जबतक इस समस्या से मुक्ति नहीं मिलेगी, मैं हठत्याग नहीं करूँगा।बाबा को देखने के लिए पाँच बत्ती पर श्रद्धालुओं का भारी ताँता लगा हुआ है।

# नोटा यात्रा 28वें दिन पहुंची भैरूबास



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** सहभागी राजपूत परिवार ( राजपूत, कायमखानी राजपूत, रावणा राजपूत, चारण राजपूत, राजपुरोहित, अन्य सभी मूल राजपूत, अन्य सभी सहयोगी जातियाँ ) के आह्वान पर नोटा यात्रा शुक्रवार को 28 वें दिन भैरूबास पहुंची। इंजीनियर महावीर सिंह ने बताया कि इस बार झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में क्षत्रिय समाज के साथ मूल ओ बी सी भी एवं अन्य अनारक्षित समाज भी अपनी लगातार अनदेखी और समाज में व्याप्त असमानता के खिलाफ नोटा पर वोट देने का विश्व कीर्तिमान बनाकर ही रहेगा। इसमें मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह , दिलीप सिंह , राम सिंह , भरत सिंह , महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह , रतन सिंह ,कजोड सिंह , बनवारी सिंह , केसर सिंह , दशरथ सिंह , सुरजन सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह , किशोर सिंह , दातार सिंह , छैलू सिंह , श्रवण सिंह , अमित सिंह , हरेन्द्र सिंह , उदय सिंह , कालू गुर्जर , यशवीर सिंह , कुलदीप सिंह , देवराज सिंह , टंवर सिंह आदि मौजूद थे। इस मौके पर इंजीनियर महावीर सिंह ने सबको 14 अप्रैल ( रविवार) को सुबह 9 बजे झाझड़ में हो रहे नोटा सम्मेलन का निमंत्रण दिया।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा 15 अप्रैल को समस्त जोनों, वार्डों में स्थित स्कूलों में चलाया जायेगा स्वच्छता कैम्पेन

**जयपुर (सीमा सन्देश सं)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ ने शुक्रवार को जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त, राजस्व अधिकारियों, सीएसआई, एसआई एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की। आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ ने नगर निगम ग्रेटर जयपुर के समस्त जोनों, वार्डो में स्थित स्कूलों में 15 अप्रैल को स्वच्छता कैम्पेन चलाने के भी निर्देश दिये।





# राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक बैठक संपन्न

**ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक बैठक पेंशन समाज अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में 12 अप्रैल को अग्रसेन भवन ब्यावर में संपन्न हुई। गत माह पेंशनर साथियों द्वारा म्यूजिक सिस्टम एवं दो माइक भेंट किए जाने का शुभारंभ भी इस मीटिंग में हुआ। बैठक में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना ( आर जी एच एस ) के संबंध में आ रही पेंशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया ।

बैठक में कूंप सिंह रावत द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई तथा मॉर्निंग वॉक के लाभों से अवगत कराया गया। पेंशनर समाज अध्यक्ष नारायण सिंह पवार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव पश्चात प्रदेश स्तरीय पेंशनर समाज सम्मेलन होगा। जिसमें ब्यावर से भी पेंशनर भाग लेंगे तथा पेंशनर समाज की समुचित एवं पुरानी मांग जिसमें पेंशनरों द्वारा 65, 70,एवम 75 वर्षों की उम्र पूरी होने पर क्रमशः 5,10,15 प्रतिशत की पेंशन में बढ़ोतरी के क्रम में सरकार से मांग रखी जाएगी। इस अवसर पर सदन में गुलाम सरवर बालू सिंह गहलोत अध्यापक भंवरलाल पलासिया कूंपा राम जोधावत कूंप सिंह रावत ओम सिंह रावत सत्यनारायण सांखला राधेश्याम रांकावत ओमप्रकाश अग्रवाल ओमप्रकाश सोनी छोटू लाल कुमावत हरि सिंह काबरा मदनलाल अग्रवाल दिग्विजय सिंह चंद्रभान कुर्दिया पुनाराम दलपत सिंह खोडमल पुनाराम प्रजापति के अलावा कई पेंशनर उपस्थित थे।

## मतदाता मार्गदर्शिका व पर्ची वितरण का कार्यक्रम

**धौलपुर (सीमा सन्देश सं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के दफ्तर में जब बीएलओ वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप यानि मतदाता जागरुकता पर्ची लेकर पहुँचा तो वहां मौजूद कई अधिकारी हतप्रभ रह गये। बीएलओ ने उन्हें मतदाता जागरूकता पर्ची सौंपी और कहा कि ह्लसाहब 19 अप्रैल कूं वोट डारबे जरूर अईओं। बीएलओ ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी धौलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाग संख्या 179 में क्रमांक संख्या 946 पर पंजीकृत मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन नामावली में नाम स्थानांतरित करवाने हेतु आवेदन किया था और वे अब धौलपुर जिले में पंजीकृत मतदाता हैं।

# ढिगाल के बैंक में चोरी का प्रयास



**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** थाना क्षेत्र के गांव ढिगाल स्थित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा परिसर में शटर काटकर चोरी के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना गुरूवार रात की बताई जा रही है। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात का अंजाम देने आए आरोपी कैद भी हो गए।शुक्रवार सुबह वारदात की सूचना पर मुकुंदगढ़ एसएचओ महेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इस संबंध में बैंक शाखा प्रबंधक देरवाला निवासी महेश कुमार कुमावत ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि सुबह करीब सवा 6 बजे बैंक कर्मचारी सुनील का फोन आया कि बैंक का शट्टर का काटा हुआ है। जिसके बाद वह तुरंत बैंक पहुंचा और घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।इस दौरान बैंक परिसर में अंदर जाकर देखा तो चैनल गेट के ताले गायब थे।आरोपी शट्टर को कटर से खिडक ीनुमा काटकर अंदर घुसे।आरोपियों ने स्ट्रांग रूम में रखी तिजोरी को भी कटर से काटने का प्रयास किया। लेकिन वे इसमे सफल नहीं हुए। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो आरोपी नजर आ रहे है। इसके अलावा बैंक के बगल की दुकान के सीसीटीवी में तीन आरोपी देखे गए है।

# पोदार ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन स्व. कान्तिकुमार का 89वीं जयन्ती समारोह

- **पोदार परिवार द्वारा शिक्षा के यज्ञ में डाली गई आहुतियों ने जो ज्ञानदीप प्रज्वल्लित किया वह स्तुल्य है**



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ द्वारा संचालित सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज में पोदार ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन स्व. कान्तिकुमार आर. पोदार की 89वीं जयन्ती का समारोह पूर्वक आयोजन हुआ।जन्म जयन्ती समारोह का शुभारम्भ स्व. बाबूजी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रों एम.सी. मालू, डॉ. के.डी. यादव, बी.एल. रणवा

डॉ. चेतन जोशी, डॉ. अशोक कुमार महला, डॉ. डब्लू.एन. भेंडे, डॉ. दयाशंकर जाँगिड़, सी.ओ.ओ डॉ. राजेन्द्र कुमार का आतिथ्य प्राप्त हुआ।प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।प्रो. एम.सी. मालू, सचिव पोदार ट्रस्ट द्वारा स्व. श्री कान्तिकुमार बाबूजी द्वारा नवलगढ के विकास एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विचार रखें।पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद डॉ. के.डी. यादव ने स्व. बाबू जी के साथ किए गए कार्यों एवं उनके द्वारा दी गई अनुशासन की सीख के बारे में बताया।डॉ. चेतन जोशी सह-प्राध्यापक एस.के. विज्ञान महाविद्यालय, सीकर द्वारा स्व. कान्तिकुमार आर. पोदार को श्रृद्धासुमन अर्पित किए तथा उन्हें शेखावाटी क्षेत्र में शिक्षा का पितामह कहा।उन्होने बताया कि जो पौधा पोदार परिवार ने लगाया उसे स्व. बाबूजी ने वट वृक्ष का रूप दिया।सुसज्जित प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय एवं विद्धत संकाय सदस्य पोदार कॉलेज में मौजूद है,जो इसकी गुणवत्ता का मापदण्ड है।डॉ. अशोक कुमार महला ने कहा कि आज हम स्व. पोदार साहब की जन्म जयन्ती समारोह आयोजित कर रहे हैं, हमें आदरणीय बाबूजी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज सम्पूर्ण शेखावाटी क्षेत्र उनका ऋणी है, क्योंकि शिक्षा के मन्दिर की स्थापना से ही आज हमारा क्षेत्र शिक्षा में अग्रणी है।बी.एल. रणवा, निदेशक डूण्डलोद पब्लिक स्कूल, डूण्डलोद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शेखावाटी क्षेत्र यदि राजस्थान में अग्रणी रहा है तो इसका मुख्य कारण यहां कि शिक्षण संस्थाओं का भारी योगदान रहा है और इसका श्रेय यहां के धन कुबेरों को दिया जाता है, जिसका पोदार परिवार प्रमुख रहा है। आज मैं जो कुछ हूं, उसमें पोदार शिक्षण संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने स्व. बाबूजी के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होने कहा कि स्पष्टवादिता एवं अनुशासन स्व. बाबूजी के महत्वपूर्ण गुण थे, जिनसे प्रेरणा लेकर आगें बढना चाहिए।ऑनलाइन माध्यम से जुड़े पूर्व प्राचार्य डॉ. डब्लू.एन. भेंडे ने स्व. बाबूजी को सरल हदय एवं एवं उदारवादी युगपुरूष बताया। उन्होंने कहा कि मुझे उनके साथ काम करने का अवसर मिला,जिससे मैं बहुत कुछ सीख पाया।समारोह के संयोजक एवं उप-प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते ह ुए कहा कि पोदार परिवार द्वारा शिक्षा के यज्ञ में डाली गई आहुतियों ने जो ज्ञानदीप प्रज्वल्लित किया वह स्तुल्य है। इसके पीछे मूलभाव यही था कि पोदार परिवार का अपनी मिट्टी के प्रति लगाव है।

उन्होंने बताया कि स्व. बाबूजी के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर हर वर्ष की भांति हम इस बार भी पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के लिए आज से ही चुग्गा पात्र, परिंडा एवं वृक्षारोपण अभियान का आगाज कर रहे है, जो सही अर्थों में स्व. बाबूजी को श्रृद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा पोदार कॉलेज परिसर में चुग्गा पात्र, परिंडा,वृक्षारोपण द्वारा अभियान का आगाज किया गया।इस अवसर पर मुरली मनोहर चोबदार, डॉ. राकेश कुमार शर्मा , सुधाकर श्रीवास्तव, संजय शर्मा , डॉ. नेमीचन्द, सी.एल. सैनी, संजय बासोतिया, बाबुलाल,जगदीश प्रसाद जांगिड़, मेजर डी.पी. शर्मा , जनार्दन घोड़ेला, पोदार टी.टी. कॉलेज प्राचार्या डॉ दुर्गा भोजक, पानाबाई रामनाथ पोदार सीनियर सैकण्डरी स्कूल की प्राचार्या डॉ. पूजा पंवार, पोदार आई.टी.आई. प्राचार्य एस.एस. बक्शी सहित पोदार ट्रस्ट के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी संस्थाओं के स्टाफ सदस्यों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन प्रो. शान्तिलाल जोशी ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमेन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार,अधिशाषी निदेशक एम.डी. शानभाग ने पूर्व चेयरमेन स्व. श्री कान्तिकुमार आर. पोदार की जन्म जयन्ती पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए।

# पीएनबी जयपुर द्वारा 130वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**जयपुर (कासं)।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 130 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंचल प्रमुख आर के बाजपेयी एवं उप अंचल प्रमुख एस एस सिंह, उप महाप्रबंधक अनिल कासलीवाल एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा लाला लाजपत राय का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अंचल प्रमुख ने बताया कि सन 1895 से 2024 तक आज 130 वर्षों का सफर तय करके ग्राहकों का विश्वास हासिल करके विश्वास और विकास के साथ पीएनबी अपना 130वां स्थापना दिवस मना रहा है और सभी सम्मानीय ग्राहकों को शुभकामनाएं दी साथ ही चुनौतीपूर्ण समय के दौरान ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए, ढेर सारी नवीन पेशकशें पेश करके डिजिटल परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से परिभाषित किया है।

हम अपने नए आदर्श वाक्य, 'एक टीम, एक सपना' को एकीकृत करके उन्नत प्रदर्शन प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर प्रातः अंचल कार्यालय नेहरू प्लेस परिसर व परिसर के बाहर स्वच्छता अभियान चलाया गया और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात स्टाफ सदस्यों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें इंटरनल हॉस्पिटल सांगानेर के डॉक्टर की टीम ने स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहकों का निशुल्क बीपी शुगर नेत्र आदि की जांच की । इस अवसर पर डॉक्टर रोशन जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ ने ओर्थो पर विशेष हेल्थ टॉक सत्र लिया।

साय 5 बजे सम्मानित ग्राहकों के लिए कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम रखा गया ग्राहक सेवा समिति बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पीएनबी के सम्माननीय ग्राहकों को अंचल प्रमुख द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख जयपुर -अजमेर आर के मीना मंडल प्रमुख जयपुर-सीकर हरि मोहन मीणा एवम समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

पंजीकृत कार्यालयः 602, छठी मंज़िल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर नंबर 79/1, घोरपड़ी, मुंडवा रोड, पुणे - 411036 शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी कोटा, राजस्थान-324007

**ई-नीलामी-बिक्री सूचना**
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आमजन को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था,** 17 नवंबर 2023 से पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से सम्मिलित किया गया था) और (इसके बाद 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के नियम 8 और 9 के सहपठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 15-05-2024 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण संख्या एचएम/0199/एच/18/100153 सत्यनारायण टेलर, (ऋणधारक), सपना टेलर (सह ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 10/08/2023 कुल बकायाः रु. 601816.07 (रुपये छह लाख एक हजार आठ सौ सौलह व पैसे सात मात्र) 10/08/2023 के अनुसार व 15.50 प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित वसूली तक देय | भौतिक | खसरा संख्या 1024, ग्राम डाबी, ग्राम पंचायत डाबी, तहसील तालेड़ा, जिला बूंदी स्थित प्लॉट/मकान (पट्टा संख्या 11102) के समस्त खण्ड व हिस्से। नाप 1125 स्कैयर फीट संपत्ति की सीमाएँ:- पूर्व- सड़क, पश्चिमः- सड़क, उत्तरः- श्याम लाल सेन का घर, दक्षिणः- फूल चंद जैन का घर | रु. 20,00,469/- (रुपये बीस लाख चार सौ उनहत्तर मात्र) | रु. 2,00,046.9/- (रुपये दो लाख छियालीस व पैसे नौ मात्र) | 14/05/2024 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 08/05/2024 (11 एएम- 4 पीएम) | 15/05/2024 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर- 994882222.** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 'गृहम हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड', **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड- ICIC0000006** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 14/05/2024 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता - प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस शीला चौधरी रोड, तलवंडी कोटा, राजस्थान-324007 मो नं. +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1 @grihumllahousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com व **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

**यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के अधीन 30 दिन के नोटिस के रूप में भी ली जाये।**

दिनांकः 13-04-2024, स्थानः जयपुर — प्राधिकृत अधिकारी — गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)